# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

(CIN: U32201UP19999SGC024928)


संख्या–766–सप्रवि–26/पाकालि/2017–33–सप्रवि/85 दिनॉक– 23 मार्च, 2017

## कार्यालय–ज्ञाप

कारपोरेशन के अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने, कार्यालय समय में उपस्थित रहने एवं अल्पाहार हेतु निर्धारित समय का उपभोग किये जाने विषयक समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के उपरान्त भी प्रायः देखा जा रहा है कि कारपोरेशन के कतिपय अधिकारी/कर्मचारी कार्यालय समय से नहीं आते है और अपने कार्यस्थल पर भी बीच में उपलब्ध नहीं रहते है। यह स्थिति केवल कारपोरेशन कार्यहित को ही बाधित नहीं करती वरन् कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन की भावना को भी हतोत्साहित करती है, जो कि प्रशासनिक दृष्टि से नितांत आपत्तिजनक है। कारपोरेशन प्रशासन ने इसे अत्यंत गम्भीरता से लिया है।

कारपोरेशन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों के अनुक्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि–

1. कारपोरेशन में कार्यरत् सभी कार्मिकों का कार्यालय का समय प्रातः 10.00 बजे से 5.00 तक है। यह आवश्यक है कि समस्त अधिकारी/कर्मचारी ठीक समय से अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों।
2. उपस्थिति रजिस्टर में प्रत्येक कार्मिक प्रतिदिन कार्यालय आने पर हस्ताक्षर करेंगे। उपस्थिति रजिस्टर में अवकाश इत्यादि का विवरण प्रतिदिन अनुभाग अधिकारी/नियंत्रक अधिकारी द्वारा अंकित किया जायेगा।
3. समस्त नियंत्रक अधिकारी अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों की उपस्थिति पंजिकाओं की समय–समय पर जॉच करेंगे।
4. समस्त कर्मचारी कार्यालय अवधि में अल्पाहार हेतु निर्धारित समय (मध्यान्ह 1.30 बजे से 2.30 बजे) के मध्य नियंत्रक अधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये आधे घंटे का समय उपभोग करें।
5. सभी कार्मिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी यथोचित कारण एवं अनुमति के कार्य–स्थल से अनुपस्थित नहीं होंगे।

निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन)

2/–

**संख्या–766(I)–स0प्र0वि0–26 / पाकालि / 2017, तद्‌दिनॉकः–**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 / उ0प्र जल विद्युत निगम लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव।
3. प्रबन्ध निदेशक, डिस्कॉम, लखनऊ / मेरठ / आगरा / केस्को / वाराणसी।
4. निदेशक (का0प्र0एवं0 प्रशा0) / वितरण / वित्त / पारेषण / वाणिज्य महोदय के निजी सचिव, उ0प्र पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. अपर सचिव (प्रथम / द्वितीय / तृतीय) / महाप्रबन्धक (औद्योगिक सम्बन्ध) महोदय के निजी सचि उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. शक्ति भवन (मुख्यालय) एवं शक्ति भवन–विस्तार में अवस्थित समस्त अधिकारी / अनुभाग प्रकोष्ठ / शिविर।
7. सूचना पट्ट।

**आज्ञा से,**

**(सै0मो0 जाकिर अली काज़मी)**
**उप सचिव (स0प्र0–विविध)**